हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215
DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215
Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक-29.8.2022

शोधार्थी सीखेंगे शोध में ''डाटा विश्लेषण'' का महत्व

*** केंद्रीय विवि के प्रबंधन स्कूल द्वारा ''डाटा विश्लेषण'' पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ ***

धर्मशाला: हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-1 के सम्मेलन कक्ष में माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी के मार्गदर्शन में वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल द्वारा ''डाटा विश्लेषण'' पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्रो. प्रदीप कुमार जी, अधिष्ठाता अकादमिक की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला के शुभारंभ में प्रो. संजीव गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार का, प्रो. दीपांकर शर्मा ने निदेशक शोध प्रो. प्रदीप नायर का तथा अधिष्ठाता वाणिज्य स्कूल प्रो. मोहिंदर सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार चौहान का स्वागत किया।
इस अवसर पर निदेशक रिसर्च शिक्षा डॉ. अजय कुमार चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वाणिज्य स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. मोहिंदर सिंह ने इस पांच दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ के अवसर पर अतिथिगण, प्राध्यापकों और शोधार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने इस कार्यशाला के बारे में सभी को अवगत करवाया। मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार ने आने वाले समय में डाटा विश्लेषण को अनुसंधान का एक प्रमुख अंग मानते हुए इसकी महत्ता पर पर प्रकाश डाला। निदेशक, शोध प्रो. प्रदीप नायर जी ने ''डाटा विश्लेषण'' विषय को महत्वपूर्ण बताते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार चौहान जी ने रिसर्च विषय को लेकर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए शोधार्थियों से कहा कि उक्त कार्यशाला के दौरान उन्हें डाटा विश्लेषण की बारीकियों से अवगत करवाया जाएगा और निश्चित रूप से यह कार्यशाला उनके भविष्य के शोध कार्यों के लिए लाभदायक साबित होगी। प्रबंधन स्कूल की सहायक आचार्य डॉ. गीतांजली उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस मौके पर स्कूल के सभी संकाय सदस्य और शोधार्थी उपस्थित रहे।

पूजा चक्रवर्ती

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला